प्रदेश में ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना जल्द की जाएगी : मंत्री

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि झारखंड में ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रुरल इंडस्ट्री पार्क) की स्थापना होगी। इसकी शुरुआत प्रखंड स्तर से की जाएगी। इससे जुड़ने वाली स्थानीय महिलाओं के लिए एक वेतन भी निर्धारित किया जाएगा। मंत्री ने सोमवार को हिन्दुस्तान से विशेष बातचीत में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य की महिलाओं को सांगठनिक तरीके से एक सेटअप में काम करने का अवसर देने की कवायद है। योजना के तहत महिलाओं को न सिर्फ स्वरोजगार मिलेगा, बल्कि सरकार नियमित रूप से एक निर्धारित वेतन भी देगी। यह वेतन आठ से 15 हजार रुपये तक होगा, जिससे महिलाएं जीवन स्तर और ऊपर कर सकेंगी। मंत्री ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना की जिन लाभुकों को हर माह 2500 रुपये मिल रहे हैं, वह खर्च भी यहीं करेंगी। यह राशि ग्रामीण बाजार में ही खर्च होगा। अधिकतम राशि प्रखंड में खर्च होगी, जबकि जिले के बाहर खर्च किये जाने की भी संभावना है। इससे ग्रामीण क्षेत्र का विकास होगा।

जल्द लागू होगा पेसा कानून : मंत्री ने कहा कि झारखंड में जल्द पेसा कानून लागू होगा। यह कानून ऐसा रहेगा कि देश में यह नजीर बनेगा। दूसरे राज्य इसका अनुसरण करेंगे। आम लोगों की राय और सुझावों को पेसा नियमवाली में रखा जा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मंथन के बाद अन्य विभागों की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी और इसे राज्य में लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पेसा के ड्राफ्ट पर आम लोगों के सुझाव लिए गए हैं।

हिन्दुस्तान में सोमवार को विशेष बातचीत करतीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह।

मनरेगा मजदूरी 400 से अधिक करने पर मंथन

दीपिका ने बताया कि मनरेगा मजदूरी दर 400 रुपये से अधिक करने को लेकर मंथन किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने मात्र 10 रुपये की बढ़ोतरी की है। वहीं, मनरेगा में काम 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन इस वर्ष से लागू करने की तैयारी की जा रही है।

पंचायत भवन से हो जमीन की ट्रैकिंग

मंत्री ने बताया कि लैंड रिफॉर्म कर दिए जाने से झारखंड आगे बढ़ेगा। जमीन के छोटे-छोटे विवाद हैं, जिसका निबटारा किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है और इसकी ट्रैकिंग की जा रही है। पंचायत भवन से इसकी ट्रैकिंग की व्यवस्था हो। इससे लोगों को प्रखंड कार्यालय कम जाना पड़ेगा और पंचायत में ही काम हो जाएगा।

बिहार में क्यों थी जल्दी देश में हो एसआईआर

ग्रामीण विकास मंत्री ने बिहार में किये जा रहे एसआईआर पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव के पहले इतनी जल्दी एसआईआर कराने की जल्दी क्यों थी। वोटर लिस्ट से किन्हें हटाया जा रहा है। पहले मोदी सरकार ने नोटबंदी की, अब वोट बंदी करने की तैयारी कर रही है। अगर नई चीजें करनी थी तो जहां हाल-फिलहाल चुनाव नहीं हो रहा, वहां शुरू करना चाहिए था।

पलाश को देना है बाजार

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पलाश का दायरा बढ़ाना है। पहले इसे हर जिला में सुनिश्चित करना है। हर दूसरे दुकान पर पलाश के सामान उपलब्ध हों, इसे अनिवार्य करना है। सीजन के आधार पर नहीं हर मौके पर इसके उत्पाद उपलब्ध होने चाहिए, ताकि लोग इसे खरीद सकें।

जीएसटी गलत नहीं, कार्यान्वयन गलत : मंत्री ने कहा कि जीएसटी गलत नहीं है। कांग्रेस इसकी पक्षधर है, लेकिन इसका कार्यान्वयन गलत तरीके से हुआ है। इससे परेशानी बढ़ी है।

सियासत 30s

पहाड़ी मंदिर में सोमवार को झामुमो रांची जिला समिति द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ को जलाभिषेक करते केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय व अन्य।

गुरुजी के स्वास्थ्य लाभ को जलाभिषेक

रांची। झामुमो रांची जिला समिति द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक, फल-फूल, दूध का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की उपस्थिति रही। पार्टी कार्यकताओं के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए मंगलकामना की गई। उनके जल्द घर लौटने की पहाड़ी बाबा से विनती की गई।

अतुल-मुकेश की जमानत पर मांगी केस डायरी

रांची। शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार छत्तीसगढ़ की श्री ओम साईं बेवरेजेज प्रालि. के दो निदेशक अतुल कुमार सिंह और मुकेश मनचंदा की जमानत याचिका पर सोमवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने केस डायरी पेश करने का निर्देश दिया। याचिका पर अब सुनवाई छह अगस्त को होगी। एसीबी ने दोनों आरोपियों को सात जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

रिश्वत मामले में डॉ. राणा साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची। एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने सोमवार को रिश्वत मामले के आरोपी सिमडेगा के तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. राणा प्रताप को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उन्हें 26 अक्तूबर 2016 को एसीबी ने 25,000 रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद डॉ. राणा को बरी कर दिया।

झारखंड किसान मोर्चा ने गवर्नर को सौंपा ज्ञापन

रांची। झारखंड में किसानों की बिगड़ती स्थिति और सरकारी उदासीनता का आरोप लगा भाजपा किसान मोर्चा ने सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से फसल नुकसान का मुआवजा, बंद कृषि योजनाएं शुरू करने और किसानों को उत्पादों का सही मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार को निर्देश देने का आग्रह किया।

सोशल मीडिया से

महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने एक्स पर पोस्ट के जरिए विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा है कि आइए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाएं। हरा-भरा और समृद्ध भारत हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

सीएम के निर्देश पर सूचना-जनसंपर्क विभाग नौ अगस्त को आयोजित करेगा भव्य महोत्सव

झारखंड आदिवासी महोत्सव की गूंज इस बार पूरा भारत सुनेगा

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति अब राज्य की सीमाओं से निकलकर राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत होने जा रही हैं। अब तक कल्याण विभाग के अंतर्गत राज्यस्तर पर आयोजित होने वाला झारखंड आदिवासी महोत्सव इस बार पूरी भव्यता के साथ सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देशन में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विशेष निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है।

महोत्सव का आयोजन नौ अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड के सभी जिलों में किया जाएगा। लेकिन इस बार देश के उन राज्यों और शहरों में भी आयोजित होगा, जहां झारखंड के आदिवासी समुदाय और प्रवासी बड़ी संख्या में रहते हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पटना, गोवा, अहमदाबाद, हैदराबाद, भुवनेश्वर, बेंगलुरू, रायपुर, गुवाहाटी और श्रीविजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) जैसे प्रमुख शहरों में इसके आयोजन की तैयारी चल रही है। शहरों का अंतिम रूप से चयन जल्द किया जाएगा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने इवेंट मैनेजमेंट एजेंसियों के चयन के लिए आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) जारी कर दिया है।

विभाग के अनुसार महोत्सव आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का भी माध्यम बनकर उभरेगा। इसके माध्यम से न केवल राज्य की पहचान को व्यापक रूप मिलेगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और शिल्पियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान व बाजार भी मिलेगा। हेमंत सरकार इस महोत्सव को आत्मबल का प्रतीक बनाना चाहती है।

पिछले साल महोत्सव के उद्घाटन की तस्वीर।

इस साल खास क्या

- भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के मंत्री, अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा।
- हर आयोजन स्थल पर कम से कम 20 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें झारखंड का हस्तशिल्प, कारीगरी, पारंपरिक व्यंजन व जीवित प्रदर्शन प्रस्तुत होंगे।
- लोक नृत्य, जैसे छऊ, संताली, जुमार व जनजातीय नाटक, जनजातीय फैशन शो भी आकर्षण के केंद्र होंगे।

तकनीकी और वित्तीय बोली प्रक्रिया शुरू

आरएफपी दस्तावेज के अनुसार इच्छुक और योग्य इवेंट एजेंसियों से पांच लाख रुपये ईएमडी के साथ ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। चयन प्रक्रिया में तकनीकी प्रस्तुति अनिवार्य है, जिसमें एजेंसी को अपने विचार, क्रिएटिव प्लान और आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करनी होगी। बोली की वैधता 90 दिनों की होगी और अंततः न्यूनतम दर (एल1) के आधार पर चयन होगा।

सहायक आचार्य के लिए 7151 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पहली से पांचवीं के इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के लिए 7151 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया है। 31 जुलाई से पांच अगस्त तक जेएसएससी कार्यालय में इन अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। झारखंड प्रारंभिक विद्यालय सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (पहली से पांचवीं) के लिए 10,002 पद निर्धारित हैं। इनमें से 5469 पद पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित हैं, जबकि 5533 पद गैर पारा शिक्षकों के लिए निर्धारित हैं।

जेएसएससी की ओर से अल्पसूचिबद्ध किये अभ्यर्थियों की कुल संख्या 7151 है। इस आधार पर अगर प्रमाणपत्रों की जांच के लिए बुलाए गये सभी अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन भी कर लिया जाता है तो 2851 पद खाली रह जाएंगे। जेएसएससी ने स्पष्ट किया है कि आयोग कार्यालय में दो पालियों में प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। इसके लिए तिथि और पाली के आधार पर अभ्यर्थियों के रौल नंबर को बांटा गया है। प्रमाणपत्र जांच में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के साथ दिये गये शैक्षणिक-प्रशैक्षणिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रति, स्व हस्ताक्षरित एक-एक छायाप्रति, पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो लेकर आना होगा। जो अभ्यर्थी प्रमाणपत्र जांच में उपस्थित नहीं होंगे वे आठ अगस्त को जांच करा सकते हैं, लेकिन इसके बाद अलग से मौका नहीं दिया जाएगा। उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। किसी अभ्यर्थी के प्रमाणपत्र की वर्तनी की त्रुटि होने पर उन्हें शपथ पत्र भी देना होगा।

31 से पांच अगस्त तक होगी प्रमाणपत्रों की जांच

- जेएसएससी ने अभ्यर्थियों को किया अल्पसूचिबद्ध
- पहली से पांचवीं के इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य का होगा चयन
- पद हैं 10,002, लेकिन सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन को शॉर्टलिस्ट हुए 7151

कांग्रेस के डीएनए में ही राष्ट्रविरोध : प्रकाश

रांची। झारखंड से राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम के पहलगाम आतंकी घटना और ऑपरेशन सिंदूर पर दिए गए बयान को राष्ट्रविरोधी मानसिकता का परिचायक बताया है। प्रकाश ने कहा कि जब पूरा देश सेना के पराक्रम का सम्मान कर रहा है, तब चिदंबरम का यह कहना कि मारे गए आतंकी भारतीय भी हो सकते हैं, सैनिकों के बलिदान का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब भारत के विपक्ष से ज्यादा इस्लामाबाद की वकालत करती दिख रही है और यह बयान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान का बचाव करने की सोची-समझी रणनीति है। दीपक प्रकाश ने कहा कि टीआरएफ जैसे पाकिस्तानी आतंकी संगठन हमले की जिम्मेदारी ले रहे हैं, फिर भी कांग्रेस आतंकियों के लिए नरमी दिखा रही है। क्या यह कांग्रेस की आधिकारिक नीति है। सोनिया गांधी व राहुल गांधी को चिदंबरम को पार्टी से निष्कासित कर देश से माफी मंगवानी चाहिए।

हर जिला अस्पताल को 4 नई एंबुलेंस

बोले इरफान

- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा बेहतर सुविधा मिलेगी
- सरकारी अस्पतालों से नहीं होंगे लोग निराश

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जब तक राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था सशक्त और जनता के अनुकूल नहीं हो जाती है, वह चैन से बैठने वाले नहीं हैं। खासकर स्वास्थ्य मंत्री के साथ-साथ एक चिकित्सक होने के नाते जिम्मेवारी और बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि सभी जिला अस्पतालों को चार-चार नई एंबुलेंस दी जाएंगी, जिससे मरीजों के आवागमन में क्रांतिकारी सुधार आएगा। स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को गुणवत्ता प्रमाणन में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों के सम्मान को लेकर आरसीएच कैंपस, नामकुम में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के दुर्गम और पहाड़ी इलाकों में मरीजों को खाट पर अस्पताल लाने की मजबूरी न हो, इसके लिए 15,000 स्ट्रेचर जल्द से जल्द गांव स्तर तक उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र की कमियों को दूर करने के लिए कई परिवर्तन किए जा रहे हैं, नवाचार अपनाए जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि रांची के सदर अस्पताल को देशभर में सराहना मिल रही है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने डॉक्टरों और कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने की आवश्यकता बताई और अनुबंध कर्मियों को गृह जिला में पोस्टिंग की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार हरसंभव सुविधा मुहैया करायेगी। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि विजेता संस्थानों की यह जिम्मेवारी है कि जो संस्थान इस पुरस्कार से वंचित रह गये हैं, उन्हें प्रेरित कर पुरस्कार की श्रेणी में लायें। इस अवसर पर एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, मेडिकल कॉरपोरेशन के एमडी अबु इमरान, निदेशक प्रमुख डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, नोडल अफसर डॉ रंजीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

रक्षा राज्य मंत्री को धमकी देने वाला धनबाद से गिरफ्तार

रांची, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को मैसेज व कॉल कर जान से मारने की धमकी देने वाले अपराधी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। रांची पुलिस की टीम ने उसकी गिरफ्तारी हावड़ा जा रही शक्तिपुंज एक्सप्रेस से धनबाद स्टेशन से की। आरोपी कोलकाता भागने की फिराक में था।

गिरफ्तार आरोपी नित्यानंद पाल धनबाद के विशनपुर का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि आरोपी नित्यानंद रक्षा मंत्री के अलावा कई लोगों को फोन पर धमकी दे चुका है। मामले का खुलासा करते हुए डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने शराब के नशे में फोन कर रक्षा मंत्री को धमकी देने की बात बतायी है। आरोपी को यह लालच था कि उसे आवास या फिर कुछ पैसे मिल जाएं। पूछताछ में पुलिस को यह भी पता लगा कि आरोपी मुख्य रूप से ठगी करता है। वह गांव के दर्जनों लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है।

शक्तिपुंज एक्सप्रेस से भाग रहा था हावड़ा

एसएसपी ने बताया कि शनिवार को डीजीपी द्वारा केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने की सूचना मिली थी। इसके बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पंडरा ओपी प्रभारी मनीष कुमार, एएसआई शंकर टोप्पो समेत अन्य की टीम बनायी गई। गठित टीम ने टेक्निकल सेल की मदद से आरोपी का मोबाइल लोकेशन निकाला। इसके बाद टीम धनबाद पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी धमकी देकर पैसे एंठता था।

डीजीपी नियुक्ति पर सुप्रीम सुनवाई 19 को

रांची। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 19 अगस्त को सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि राज्य सरकार का पक्ष वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल रखेंगे, इसलिए समय की जरूरत है। इसके बाद अदालत ने 19 अगस्त को सुनवाई निर्धारित की। डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को बाबूलाल मरांडी ने अवमानना याचिका दायर कर चुनौती दी है।

प्रवीण प्रभाकर आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष

रांची। आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने संगठन विस्तार करते हुए वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। वहीं, दीपक महतो को केंद्रीय महासचिव और संजय मेहता को केंद्रीय महासचिव-सह-प्रवक्ता नियुक्त किया है। इसके साथ ही युवा आजसू तथा छात्र आजसू के कई पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए बताया कि बसंत महतो, कुमुद वर्मा एवं चंद्रशेखर सिंह छोटू को केंद्रीय सचिव बनाया गया है। मुन्नू अख्तर को हजारीबाग जिला सचिव बनाया गया है। सुदेश महतो ने आशा व्यक्त की कि नयी नियुक्तियों से संगठन को मजबूती मिलेगी। सहिस ने बताया कि ऋतुराज शाहदेव को आजसू छात्र संघ का केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष बनाया गया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चाईबासा
E-mail Id- eercdchaibasa-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चाईबासा का अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० RCD/CHAIBASA/2025-26/01 दिनांक 15.07.2025 एवं PR 357356 West Singhbhum (25-26):D द्वारा आमंत्रित निविदा में निम्नांकित संशोधन किया जाता है :-

क्र० सं०	पूर्व के आमंत्रित निविदा में कार्य का नाम	संशोधित कार्य का नाम
14	पथ अवर प्रमंडल, चाईबासा अन्तर्गत विभिन्न पथों का Road Safety कार्य।	पथ प्रमंडल, चाईबासा अन्तर्गत विभिन्न पथों का Road Safety कार्य।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

PR 358406 West Singhbhum(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०,पथ प्रमण्डल, चाईबासा

रेल पहिया कारखाना/बेला
(जिला - सारण), बिहार - 841221

ई-निविदा संख्याः- आरईवी-एनएफ, दिनांकः 25.07.2025 उप-मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण, रेल पहिया कारखाना, बेला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु भारतीय रेलवे की विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित ऑनलाइन खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधिः-** 9 महीनों में, आरडब्ल्यूपी/बेला में रोटरी हर्थ नॉर्मलाइजिंग फर्नेस (एनएफ) का पुनरुद्धार और उन्नयन। **2. अनुमानित लागतः-** ₹ 9,33,03,780.00 **3. बोली प्रतिभूति की राशिः-** ₹ 6,16,500.00 **4. निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः-** 20.08.2025 को 15:00 बजे। **5. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती हैः-** पूर्ण विवरण और टेंडर/बोली प्रस्तुत करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे के विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर जाएं। उपरोक्त निविदा के संबंध में परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/रद्दीकरण सहित अद्यतन के लिए निविदाकर्ता(ओं)/बोलीदाता(ओं) को IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in से जुड़े रहने के लिए निर्देशित किया जाता है।

कृते उप-मुख्य यांत्रिक अभियंता/मेंटेनेंस/रेपका/बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2025-26/45

रेल पहिया कारखाना/बेला
(जिला-सारण), बिहार-841221

प्री बिड मीटिंग सूचना

सूचना संख्याः- आरडब्लूपी/एन एफ, नीचे दी गई वस्तुओं के लिए सक्षम प्राधिकारी ने संभावित बोलीदाताओं की एक पूर्व निविदा बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया हैः- **1. विवरणः** आरडब्ल्यूपी/बेला में रोटरी हर्थ नॉर्मलाइजिंग फर्नेस (एनएफ) का पुनरूद्धार और उन्नयन। **2. अनुमानित लागतः** ₹ 93303780.00, **3. बैठक का स्थानः** आरडब्ल्यूपी/बेला, **4. तिथि एवं समयः** 04.08.2025 को 12:00 बजे। **5. वेबसाईट का विवरण और कार्यालय का पता :** अधिक जानकारी के लिए कृपया अरडब्ल्यूपी की वेबसाइट https://rwp.indianrailways.gov.in पर या कार्यालय मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, द्वितीय तल, रेल व्हील प्लांट, बेला, यांत्रिक शाखा, प्रशासनिक भवन, सीतलपुर, सारण, छपरा- 841221 जाएं।

उप-मुख्य यांत्रिक अभियंता/मेंटेनेंस, रेपका, बेला
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2025-26/46

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

संचार विभाग
केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई- 400001

सोशल मीडिया निगरानी एवं विश्लेषण एजेंसी के चयन के लिए ई-निविदा

निविदा संख्या: RBI/DoC-Central Office Departments/ Others/11/25-26/ET/331

1. भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय **"सोशल मीडिया निगरानी एवं विश्लेषण एजेंसी के चयन"** के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है। ₹2,00,000/- (दो लाख रुपये मात्र) की ईएमडी राशि, **18 अगस्त 2025 को 12:00 बजे** से पहले तक NEFT द्वारा या बैंक गारंटी के रूप में जमा करना होगा।
2. पात्रता संबंधी पूरी जानकारी तथा निविदा दस्तावेज़ को डाउनलोड करने के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट **https://www.rbi.org.in** या एमएसटीसी पोर्टल **(https://www.mstcecommerce.com/eprocn/)** देखें।
3. ऑनलाइन निविदाएं देखने/ डाउनलोड करने की सुविधा **www.mstcecommerce.com** वेबसाइट पर **24 जुलाई 2025 को 17:00 बजे** से उपलब्ध होंगी।
4. एमएसटीसी पोर्टल **(www.mstcecommerce.com)** पर ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **18 अगस्त 2025 को 15:30 बजे** तक है।
5. इसके अलावा **यदि कोई सूचना/ शुद्धिपत्र /परिशिष्ट होगी, तो उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा,** बल्कि **उसे एमएसटीसी पोर्टल (https://www.mstcecommerce.com/eprocn/) तथा बैंक की वेबसाइट (https://www.rbi.org.in) पर अपलोड किया जाएगा।**
6. बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

मुख्य महाप्रबंधक,
संचार विभाग

''पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं''

भारतीय रिज़र्व बैंक

निविदा सूचना

मीडिया निगरानी और विश्लेषण सेवा

संचार विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई, मीडिया निगरानी और विश्लेषण सेवा के लिए सेवा प्रदाताओं से आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक सेवा प्रदाता निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन भेज सकते हैं। आवेदन फॉर्म भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** के 'निविदा' खंड में उपलब्ध है। आवेदन **18 अगस्त 2025 को दोपहर 12:00 बजे तक** एमएसटीसी पोर्टल **(www.mstcecommerce.com)** पर ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जिसे **18 अगस्त 2025 को दोपहर 04:30 बजे** खोला जाएगा। संभावित बोलीदाताओं के लिए बोली-पूर्व बैठक **01 अगस्त 2025 को दोपहर 03:00 बजे** आयोजित की जाएगी। प्रश्न, यदि कोई हो, तो **(newsandinsights@rbi.org.in)** पर भेजा जा सकता है। शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो उसे केवल आरबीआई वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।

चक्रधरपुर मंडल के तहत पार्सल एसएलआर परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा चक्रधरपुर मंडल के तहत पार्सल एसएलआर परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसे **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट पर सूचित किया गया है।

कैटेगरी	कैटलॉग सं.	नीलामी की तिथि	नीलामी शुरू होने का समय	नीलामी का अंतिम समय
पार्सल एसएलआर	पार्सल-एसएलआर-एयूजी	02.08.2025	11:30 बजे	17:20 बजे

इच्छुक पार्टी इस तथ्य को ध्यान में रखें और साइट के विवरण तथा ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। किसी भी तरह की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-448)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

A TATA Enterprise

टीआरएफ लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 11, स्टेशन रोड, बर्मामाइंस, जमशेदपुर - 831007
सी.आई.एन : L74210JH1962PLC000700

30 जुन 2025 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित वित्तीय प्रदर्शन के प्रमुख अंश रू. लाख में

क्रम सं.	विवरण	30.06.2025 को समाप्त तिमाही	31.03.2025 को समाप्त तिमाही	30.06.2024 को समाप्त तिमाही	31.03.2025 को समाप्त वर्ष
		अनांकेक्षित	अनांकेक्षित	अनांकेक्षित	अंकेक्षित
1.	संचालन से कुल आय (शुद्ध)	2,719.70	3,364.05	4,149.09	13,878.86
2.	विशेष मदों और कर से पूर्व सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ / (हानि)	350.59	865.64	498.57	3,093.14
3.	कर और अल्पांश हित के बाद सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ / (हानि)	350.59	351.69	498.57	2,579.19
4.	अन्य समग्र आय	333.59	141.08	(24.45)	222.05
5.	कुल समग्र आय (जिसमें (कर पश्चात् लाभ/(हानि)), अल्पांश हित और अन्य समग्र आय (कर पश्चात्) शामिल हैं)	684.18	492.77	474.12	2,801.24
6.	भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी	1,100.44	1,100.44	1,100.44	1,100.44
7.	प्रति शेयर आय/(हानि प्रत्येक 10 अंकित मूल्य का) – वार्षिकीकृत नहीं (रु0)	3.19	3.20	4.53	23.44
8.	घटित प्रति शेयर आय/(हानि प्रत्येक 10 अंकित मूल्य का) – वार्षिकीकृत नहीं (रु0)	3.19	3.20	4.53	23.44

नोट :
1. स्टैंडअलोन प्रदर्शन से सबंधित विवरण इस प्रकार है : रू. लाख में

क्रम सं.	विवरण	30.06.2025 को समाप्त तिमाही	31.03.2025 को समाप्त तिमाही	30.06.2024 को समाप्त तिमाही	31.03.2025 को समाप्त वर्ष
		अनांकेक्षित	अनांकेक्षित	अनांकेक्षित	अंकेक्षित
(क)	संचालन से कुल आय (शुद्ध)	2,341.71	2,710.98	3,761.99	12,073.48
(ख)	विशेष मदों और कर से पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि)	339.03	688.55	398.81	2,762.70
(ग)	अन्य समग्र आय	(25.02)	54.68	(2.74)	20.23
(घ)	कुल समग्र आय (जिसमें कर पश्चात् (लाभ/(हानि) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात्) शामिल हैं।	314.01	743.23	396.07	2,782.93
(ङ)	मूल प्रति शेयर आय (EPS) – वार्षिकीकृत नहीं (रु0)	3.08	6.26	3.62	25.11
(च)	विलीयत प्रति शेयर आय (EPS) – वार्षिकीकृत नहीं (रु0)	3.08	6.26	3.62	25.11

2. उपरोक्त विवरण, तिमाही वित्तिय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का संक्षिप्त अंश है, जिसे सेबी (सूचिबद्धता दायित्व ओर प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक ए